दिनांकः 18.07.2024 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- सुप्रीम कोर्ट आज नीट यूजी परीक्षा विवाद से जुड़ी 40 से अधिक याचिकाओं पर करेगा सुनवाई।
- दिल्ली–मुम्बई एक्सप्रेस हाइवे को जोड़ने वाले **जयपुर–बांदीकुई चार लेन ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस वे** का करीब 80 प्रतिशत काम पूरा।
- राजस्थान ओपन स्कूल बोर्ड परीक्षा में फलोदी में सामूहिक नकल मामले में बारह शिक्षक निलंबित।
- प्रदेश में धीमे पड़े मॉनसून के आज से फिर सक्रिय होने के आसार–कोटा और उदयपुर संभाग में कहीं–कहीं भारी बारिश की संभावना।

........................

सुप्रीम कोर्ट आज नीट यूजी परीक्षा विवाद से जुड़ी याचिकाओं पर सुनवाई करेगा। 11 जुलाई को शीर्ष अदालत ने परीक्षा रद्द करने, दोबारा परीक्षा करवाने और परीक्षा के संचालन में हुई कथित गड़बड़ियों की जांच की मांग करने वाली याचिकाओं पर सुनवाई आज तक के लिए स्थगित कर दी थी। पीठ ने कहा था कि मामले में कुछ पक्षों को केन्द्र और राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी की ओर से हलफनामे नहीं मिले हैं। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ आज 40 से अधिक याचिकाओं पर सुनवाई करेगी। इनमें एनटीए की ओर दायर की गई याचिकाएं भी शामिल हैं।

........................

मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ आज न्यायमूर्ति नोंगमेइकापम कोटिस्वर सिंह और न्यायमूर्ति आर महादेवन को सुप्रीम कोर्ट के न्यायीधीश पद की शपथ दिलाएंगे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने इन दोनों न्यायाधीशों की नियुक्ति को मंजूरी दी थी। इन नियुक्तियों से उच्चतम न्यायालय में मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ सहित 34 न्यायाधीशों की पूरी क्षमता बहाल हो जाएगी।

........................

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के कार्यकाल के पहले वर्ष के 75 महत्वपूर्ण भाषणों का संकलन **''विंग्स टू अवर होप्स–वॉल्यूम–वन''** का विमोचन आज नई दिल्ली में किया जाएगा। केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ई–पुस्तक का विमोचन करेंगे। इस अवसर पर सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव भी उपस्थित होंगे। यह संकलन प्रकाशन विभाग ने हिंदी और अंग्रेजी में प्रकाशित किया है।

........................

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 28 जुलाई को आकाशवाणी के 'मन की बात' कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 112वीं कड़ी होगी। इस कार्यक्रम के लिए श्रोता अपने विचार और सुझाव टोल फ्री नंबर 1800–11–7800 के माध्यम से दे सकते हैं। इसके अलावा नमो एप और माय जी ओ वी ओपन फोरम के जरिये भी अपने विचार साझा कर सकते हैं।

........................

दिल्ली–मुम्बई एक्सप्रेस हाइवे को जोड़ने वाले जयपुर–बांदीकुई चार लेन ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस वे का काम करीब 80 प्रतिशत पूरा हो चुका है। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के परियोजना निदेशक दिनेश कुमार चौधरी ने बताया कि 1 हजार 368 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले 67 किलोमीटर लम्बे लिंक एक्सप्रेस वे का काम इस सितम्बर महीने तक पूरा होगा। उन्होंने कहा कि अवाप्त भूमि पर बनी दुकानों और मकानों के अवॉर्ड जारी किये जा चुके हैं और पक्षकारों को नियमानुसार मुआवजा दिया गया है। श्री चौधरी ने बताया कि एक्सप्रेस वे के निर्माण के लिए जयपुर के बगराना गांव में अवाप्त भूमि पर बनी दुकानों और मकानों का विखण्डन कार्य कल से शुरू होगा। उन्होंने कहा कि एक्सप्रेस वे के

बनने से दिल्ली और जयपुर के बीच का सफर तीन घंटे का हो जाएगा। इसके साथ ही अलग–अलग स्थानों पर लगने वाले जाम से भी मुक्ति मिलेगी।

.........................

फलोदी में सामूहिक नकल मामले में बारह शिक्षकों को निलंबित कर दिया गया है। जिला शिक्षा अधिकारी ने पनजी का बेरा के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में हुए इस प्रकरण में छह तृतीय श्रेणी शिक्षक और पुस्तकालयाध्यक्ष को निलंबित करने के आदेश जारी किए हैं। वहीं इस मामले में परीक्षा प्रभारी, पर्यवेक्षक और केन्द्र अधीक्षक के खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी। जिला शिक्षाधिकारी ने बताया कि राजस्थान ओपन स्कूल बोर्ड परीक्षा में इस केन्द्र पर सामूहिक नकल की शिकायत सम्पर्क पोर्टल पर की गई थी, जिस पर उड़नदस्ते की ओर से कार्रवाई की गई।

.........................

राज्य विधानसभा में आज ध्यानाकर्षण प्रस्ताव के तहत नोहर में सड़कों की स्थिति, मुहाना फल सब्जी मंडी पर अतिक्रमण और भीलवाडा के गांधी सागर तालाब में जल प्रदूषण मामलों को उठाया जाएगा। विधानसभा में प्रमुख सचिव महावीर प्रसाद शर्मा ने बताया कि उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा विभिन्न वार्षिक प्रतिवेदन सदन में रखेंगे। इनमें अजमेर के महर्षि दयानंद सरस्वती विश्वविद्यालय, अलवर के मत्स्य विश्वविद्यालय और राजस्थान मेडिकल सर्विसेज कॉर्पोरेशन लिमिटेड के वार्षिक प्रतिवेदन शामिल हैं। इसके अलावा जनजातीय क्षेत्रीय विकास और सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभागों से जुड़ी अनुदान मांगों पर भी विचार होगा।

.........................

गुरु पूर्णिमा के अवसर पर ब्रज अंचल के गोवर्धन धाम में भर रहे मेले में भाग लेने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहंच रहे हैं। हमारे भरतपुर संवाददाता ने बताया कि श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए व्यापक इंतजाम किये गए हैं। विभिन्न स्थानों पर प्याउ और भंडारे के आयोजन किये जा रहे हैं।

.........................

प्रदेश में धीमे पड़े मॉनसून के आज से फिर सक्रिय होने के आसार हैं। मौसम केन्द्र जयपुर के अनुसार इससे कोटा और उदयपुर संभाग में कहीं–कहीं भारी बारिश की संभावना है। वहीं जोधपुर और बीकानेर संभाग में भी अगले चार–पांच दिनों तक बारिश की गतिविधियां जारी रह सकती हैं। शेखावाटी क्षेत्र में आज कहीं–कहीं भारी बारिश के आसार हैं। बीते 24 घंटों में चित्तौडगढ, धौलपुर, सिरोही सहित कई अन्य स्थानों पर हल्की से मध्यम बरसात हुई। दूसरी ओर, बारिश की गतिविधियों में कमी से कई शहरों में तापमान में बढ़ोतरी दर्ज हुई। कल श्रीगंगानगर, चूरू, बीकानेर, फलौदी और जोधपुर में पारा 40 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया। हमारे जैसलमेर संवाददाता ने बताया कि उमस भरी तेज गर्मी का असर रहा और तापमान 43 दशमलव 5 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड हुआ।

.........................

खेलों के महाकुंभ ओलंपिक की शुरूआत पेरिस में 26 जुलाई से होने जा रही है। इसमें भारत के 117 खिलाड़ी भाग लेंगे। खेल मंत्रालय के अनुसार भारतीय दल में सबसे ज्यादा 29 खिलाड़ी एथलेटिक्स के हैं। इनमें 11 महिलाएं और 18 पुरुष हैं। निशानेबाजी में 21 और हॉकी में 19 खिलाड़ी हैं। टेबल टेनिस, बैडमिंटन, कुश्ती, तीरंदाजी और मुक्केबाजी में भी भारतीय खिलाड़ी चुनौती पेश करेंगे। इसके अलावा गोल्फ, टेनिस, तैराकी, सेलिंग, घुड़सवारी, जूडो, रोइंग और भारोत्तोलन प्रतिस्पर्धाओं में खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। लंदन ओलंपिक में कांस्य पदक विजेता पूर्व निशानेबाज गगन नारंग को दल प्रमुख बनाया गया है।

.........................